# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## FIH महिला हॉकी नेशन्स कप मे भारत की ऐतिहासिक जीत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय महिला टीम को दी बधाई, कहा- यह सफलता लाखों युवाओं को करेगी प्रेरित

राजेश चौधरी

Published on 22 Jun 2026




FIH हॉकी महिला नेशन्स कप 2026 का खिताब जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बनेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रतियोगिता के दौरान भारतीय महिला टीम ने जिस असाधारण खेल, अनुशासन और अद्भुत तालमेल का प्रदर्शन किया, उसने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और टीम भावना ने भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर नई पहचान दिलाई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की यह ऐतिहासिक जीत देशभर के लाखों युवाओं, विशेषकर बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देगी। खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र गौरव का प्रतीक भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और खेल जगत में भी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। महिला हॉकी टीम की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि समर्पण और कड़ी मेहनत के बल पर वैश्विक स्तर पर भी भारत अपना परचम लहरा सकता है।

उन्होंने पूरी भारतीय महिला हॉकी टीम, कोचिंग स्टाफ और सहयोगी सदस्यों को इस शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय महिला हॉकी टीम आने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध

कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं, ताकि भारत खेलों के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर सके।

भारतीय महिला हॉकी टीम की इस ऐतिहासिक जीत का पूरे देश में उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों का मानना है कि यह सफलता भारतीय महिला हॉकी के लिए एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत है, जो आने वाले वर्षों में देश के खेल इतिहास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.